Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to run Shipra express daily from Indore to Howrah.

श्री राजबहादुर सिंह (सागर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं भी खम्भे का शिकार हूं । यहां से साफ दिखता नहीं है ।

माननीय अध्यक्ष: मैं भी पाँच साल पोल के पीछे था ।

श्री राजबहादुर सिंह: माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर में इन्दौर से हावड़ा तक एक क्षिप्रा एक्सप्रेस चलती है । मैं आपका ध्यान उसकी ओर दिलाना चाहता हूं । वर्तमान में इसका परिचालन तीन दिनों - मंगलवार, गुरुवार और शनिवार - को होता है । यह मालवा और बुंदेलखण्ड को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण ट्रेन है । इस ट्रेन को सप्ताह में पूरे सात दिन चलाने की मांग हमारे क्षेत्र की जनता काफी लम्बे समय से कर रही है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान माननीय रेल मंत्री जी की घोषणा की ओर दिलाना चाहता हूं । 16 अप्रैल, 2018 को भोपाल में आयोजित 63वें राष्ट्रीय रेल सप्ताह पुरस्कार कार्यक्रम में इस ट्रेन को पूरे सात दिन चलाने की घोषणा उनके द्वारा की गई थी । मगर, आज तक इस घोषणा पर अमल नहीं हुआ है । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस ट्रेन को सप्ताह के सातों दिन चलाया जाए ।